पीडीआईएल के वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए सबसे अच्छा वित्तीय प्रदर्शन

प्रोजेक्ट्स एंड डेवलपमेंट इंडिया लिमिटेड (पीडीआईएल) मिनी रत्ना ,श्रेणी -1,रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ,उर्वरक विभाग, भारत सरकार के नियंत्रणधीन अभियंत्रण एवं परामर्शी संस्थान के वर्ष 2019-20 के लिए अंकेक्षित वार्षिक खातों को पीडीआईएल बोर्ड द्वारा 14.08.2020 को पीडीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा (भा.प्र.से.) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अनुमोदित किया गया।

पीडीआईएल ने वर्ष 2018-19 में 131.50 करोड़ रुपए की आय के सापेक्ष 2019- 20 में 142.16 करोड़ रुपए की उच्चतम आय अर्जित की है, वर्ष 2018-19 में 116 .50 करोड़ रुपए के परिचालन से राजस्व के सापेक्ष वर्ष 2019 20 में 133 .01 करोड़ रुपए का उच्चतम परिचालन से राजस्व अर्जित किया है, वर्ष 2018-19 में 37 .22 करोड़ रुपए के कर पूर्व लाभ के सापेक्ष वर्ष 2019 20 में 45.85 करोड़ रुपए का उच्चतम कर पूर्व लाभ अर्जित किया एवं वर्ष 2018-19 में 30.36 करोड़ रुपए के कर पश्चात लाभ के सापेक्ष वर्ष 2019 - 20 में 31.83 करोड़ रुपए का उच्चतम कर पश्चात लाभ अर्जित किया।